भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3050
(जिसका उत्तर सोमवार, 20 मार्च, 2023/29 फाल्गुन, 1944 (शक) को दिया जाना है)

जी-20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक

***3050. श्री. बिद्युत बरन महतो:**
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक:
श्री सुधीर गुप्ता:
श्री प्रतापराव जाधवः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या जी-20 के वित्त मंत्री और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक हाल ही में देश में आयोजित की हुई थी;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम निकले और उक्त बैठक में हुई चर्चाओं का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या उक्त बैठक में क्रिप्टो करेंसी के भविष्य के संबंध में प्रतिभागी सदस्यों द्वारा कोई निर्णय लिया गया है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त बैठक में क्रिप्टो-करेंसी के विनियमन पर देश का क्या दृष्टिकोण है;
(ङ) उक्त बैठक में भारत और जी-20 केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों के बीच समन्वय को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए; और
(च) क्या वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) ने ग्लोबल स्टेबलकॉइन, क्रिप्टो-परिसंपत्ति बाजार और कार्यकलापों के विनियमन, पर्यवेक्षण और निरीक्षण पर अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दे दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) जी**,** हां।

(ख) भारत की अध्यक्षता में जी-**20** के वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की पहली बैठक **24-25** फरवरी**, 2023** के दौरान बेंगलुरु में आयोजित की गई**,** जिसमें अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना**,** सतत वित्त**,** अवसंरचना**,** वित्तीय क्षेत्र**,** वित्तीय समावेशन**,** वैश्विक अर्थव्यवस्था**,** स्वास्थ्य और अंतर्राष्ट्रीय कराधान जैसे विषय शामिल थे।

बैठक का निष्कर्ष जी-20 अध्यक्ष के मंतव्यों के संक्षिप्त विवरण और निष्कर्ष दस्तावेज़ में था, जिसमें 17 पैराग्राफ और 2 अनुबंध शामिल थे। अध्यक्ष का उक्त संक्षिप्त विवरण बैठक के दौरान हुए विचार-विमर्श को दर्शाता है। इसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है- https://www.g20.org/content/dam/gtwenty/gtwenty_new/document/1st%20FMCBG%20Chair%20Summary.pdf

(ग) और (घ) **:** क्रिप्टो करेंसी के भविष्य के संबंध में जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के बीच चर्चा का विवरण जी20 अध्यक्ष के मंतव्यों के संक्षिप्त विवरण और निष्कर्ष दस्तावेज़ पैरा 15 में दर्ज किया गया है, जिसे निम्नलिखित लिंक पर देखा जा सकता है - https://www.g20.org/content/dam/gtwenty/gtwenty_new/document/1st%20FMCBG%20Chair%20Summary.pdf

(ङ) : जी-20 की नियमित परंपरा का पालन करते हुए, केंद्रीय बैंक के गवर्नर जी-20 के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की बैठकों के दायरे में नियमित रूप से एक वर्ष में तीन से चार बार मिलते हैं। यह मंच जी-20 केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों के बीच एक समन्वय तंत्र के रूप में कार्य करता है। हाल ही में संपन्न हुई एफएमसीबीजी बैठक में, चर्चा हेतु वतावरण तैयार करने के लिए, आरबीआई के गवर्नर की अध्यक्षता में केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की एक अनौपचारिक बैठक 24 फरवरी, 2023 को आयोजित की गई थी। केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों ने विकास की संभावनाओं, मुद्रास्फीति, वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों और वैश्विक नीति सहकारिता पर चर्चा की थी।

(च) : जी, नहीं ।